# SOUNDLINK®
# COLOR II



स्वामी की निर्देशिका

## कृपया सभी सुरक्षा एवं इस्तेमाल के निर्देशों को पढ़ें व उनका पालन करें।

Bose Corporation एतद्द्वारा घोषित करता है कि यह उत्पाद निदेश 2014/53/EU की मूलभूत आवश्यकताओं एवं अन्य संगत प्रावधानों और सभी अन्य लागू EU निदेश का अनुपालन करता है। अनुरूपता का पूर्ण घोषणापत्र यहाँ प्राप्त किया जा सकता है: www.Bose.com/compliance

यह उत्पाद यूके के सभी लागू विद्युतचुंबकीय संगतता विनियम 2016 और अन्य सभी लागू विनियमों के अनुरूप है। अनुरूपता का पूर्ण घोषणापत्र यहाँ प्राप्त किया जा सकता है: www.Bose.com/compliance

Bose Corporation एतद् द्वारा घोषणा करता है कि यह उत्पाद रेडियो उपकरण विनियम 2017 और अन्य सभी लागू यूके विनियमों के अनुसार जरूरी आवश्यकताओं के अनुपालन में है। अनुरूपता का पूर्ण घोषणापत्र यहाँ प्राप्त किया जा सकता है: www.Bose.com/compliance

## महत्वपूर्ण सुरक्षा निर्देश

1. इन निर्देशों को पढ़ें।
2. इन निर्देशों को संभाल के रखें।
3. सभी चेतावनीयों पर ध्यान दें।
4. इन निर्देशों का पालन करें।
5. आग के किसी भी स्रोत, जैसे रेडियाटर, उष्मा जंगला, स्टोव, या अन्य उपकरणों (एम्पलीफायरों सहित) के पास संस्थापित नहीं करें।
6. केवल निर्माता द्वारा निर्दिष्ट संलग्नक/उप साधन का उपयोग करें।
7. बिजली के तूफान के दौरान या लंबी अवधी तक उपयोग नहीं करने की स्थिति में इस उपकरण को प्लग से निकाल दें।
8. सभी सर्विसिंग के लिए योग्य कर्मी की अनुशंसा की जाती है। जब उपकरण किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त हो जाए तो उसकी सर्विसिंग ज़रूरी है।

### चेतावनियां/सतर्कता

इस प्रतीक चिन्ह का अर्थ है इस निर्देशिका में महत्वपूर्ण संचालन एवं रखरखाव संबंधी निर्देश मौज़ूद हैं।

- इस उत्पाद का उपयोग केवल एजेंसी द्वारा सम्मत एक ऐसे बिजली आपूर्ति से करें जो स्थानीय नियामक ज़रूरतों को (जैसे: UL, CSA, VDE, CCC) निर्माता द्वारा निर्दिष्ट विशिष्ट आवश्यकताओं के मुताबिक पूरा करता हो।
- उत्पाद चिन्ह उत्पाद के तले पर तथा फुट के अन्दर मौज़ूद हैं।
- आग के खुले स्रोतों, जैसे जलती हुई मोमबत्तियों, को उत्पाद के ऊपर या पास नहीं रखें।
- इस उत्पाद में कोई अनधिकृत बदलाव न लाएं।
- यदि बैटरी में रिसाव होता है, तो तरल को त्वचा या आंखों के संपर्क में नहीं आने दें। यदि संपर्क होता है, तो चिकित्सा सलाह लें।
- जिन उत्पादों में बैटरी मौज़ूद हो उनको अत्यधिक ताप (जैसे: प्रत्यक्ष धूप में, या आग इत्यादि के नीकट भण्डारण से) के सम्मुख न रखें।

**नोट:** इस उपकरण की जाँच की गई है पाया गया है के यह FCC नियमों के भाग 15 के अनुसार वर्ग B डिजिटल उपकरण की सीमा का अनुपालन करता है। इन सीमाओं को घरेलू संस्थापन में हानिकारक अवरोध के विरूद्ध उचित सुरक्षा प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। यह उपकरण रेडियो आवृत्ति ऊर्जा उत्पन्न एवं उपयोग करता है और प्रसारित कर सकता है और, यदि निर्देशों के अनुसार संस्थापित और उपयोग नहीं किया जाए तो रेडियो संचार के लिए हानिकारक अवरोध उत्पन्न कर सकता है। तथापि, किसी विशेष संस्थापन में अवरोध उत्पन्न नहीं होगा इस की कोई गारंटी नहीं है। यदि यह उपकरण रेडियो या टेलीविजन संकेत-ग्रहण में हानिकारक अवरोध उत्पन्न करता है, जिस का पता उपकरण को चालू और बंद कर के लगाया जा सकता है, तो निम्न एक अथवा अधिक उपायों द्वारा अवरोध में सुधार करने के लिए उपयोगकर्ता को प्रोत्साहित किया जाता है:

- संकेत-ग्रहण एंटीना को नई दिशा दें या स्थानांतरित करें।
- उपकरण और संकेत-ग्रहण एंटीना के बीच की दूरी बढ़ाएँ।
- उपकरण को एक ऐसे बिजली के स्रोत से क्नेक्ट करें जिसका सर्किट उस स्रोत से अलग हो जिससे रिसिवर क्नेक्ट है।
- विक्रेता या एक अनुभवी रेडियो/टीवी तकनीशियन से सहायता के लिए परामर्श लें।

Bose Corporation द्वारा विशेष रूप से अधिकृत नहीं किए गए परिवर्तन या संशोधन, इस उपकरण का उपयोग करने हेतु उपयोगकर्ता के अधिकार को रद्द कर सकते हैं।

यह उपकरण FCC नियमों के भाग 15 तथा उद्योग कनाडा अनुज्ञप्ति छूट RSS मानक(कों) के अनुरूप है। उपकरण का प्रचालन निम्नलिखित दो शर्तों के अधीन है: (1) इस उपकरण द्वारा हानिकारक अवरोधन उत्पन्न नहीं होना चाहिए, और (2) इस उपकरण को कोई भी ग्रहण किया गया अवरोधन स्वीकार करना चाहिए, जिसमें संभावित अवांछित प्रचालन उत्पन्न करने वाला अवरोधन शामिल है।

यह उपकरण आम जनसंख्या के लिए निर्धारित FCC एवं Industry Canada विकिरण जोखिम सीमाओं के अनुरूप है। इसे किसी अन्य एंटीना या ट्रांसमीटरों के साथ सह-स्थित या चलाया नहीं जाना चाहिए।

इस उपकरण को इस प्रकार स्थापित एवं संचालित करना होगा कि रेडियेटर और आपके शरीर के बीच कम से कम 8 इंचों की (20 cm) दूरी हो।

IMDA आवश्यकताओं को पूरा करता है

## CAN ICES-3(B)/NMB-3(B)

## निम्न-शक्ति रेडियो-आवृत्ति उपकरणों के लिए प्रबंधकीय नियम

**अनुच्छेद XII**
"निम्न-शक्ति रेडियो-आवृत्ति उपकरणों के लिए प्रबंधकीय नियम" के अनुसार किसी भी कम्पनी, उद्यम, या उपयोगकर्ता को NCC प्रदत्त अनुमति के बिना आवृत्ति में परिवर्तन करने, संचार शक्ति को बढ़ाने या एक अनुमोदित निम्न-शक्ति रेडियो-आवृत्ति उपकरण में उसकी मूल विशिष्टता एवं प्रदर्शन को बदलने नहीं दिया जाएगा।

**अनुच्छेद XIV**
ये निम्न शक्ति रेडियो-आवृत्ति उपकरण हवाई जहाज की सुरक्षा को प्रभावित नहीं करेंगे और वैध कम्युनिकेशन में दखल नहीं देंगे; यदि ऐसा करते हुए पाए गए तो उपयोगकर्ता का संचालन उसी समय बंद हो जाएगा जब तक कि कोई दखल हासील न कर ली जाए। उक्त वैध कम्युनिकेशन का अर्थ है दूर संचार अधिनियम के अनुरूप संचालित रेडियो कम्युनिकेशन।

निम्न शक्ति रेडियो आवृत्ति उपकरण को वैध कम्युनिकेशन या ISM रेडियो तरंग छोड़नेवाले उपकरणों द्वारा होनेवाली बाधाओं के प्रति अनिवार्यतः संवेदनशील होना होगा।

**इस उत्पाद से रिचार्जेबल लिथियम-आयन बैटरी को हटाने का प्रयास नहीं** करें। हटाने हेतु अपने स्थानीय बोस खुदरा व्यापारी या किसी अन्य योग्य कारीगर से संपर्क करें।

# नियामक जानकारी

ऊर्जा संबंधित उत्पाद निर्देशक 2009/125/EC के लिए इकोडिज़ाइन आवश्यकता के अनुसार उत्पाद निम्नलिखित मानदंडों या दस्तावेजों का अनुपालन करता है: विनियमन (EC) सं. 1275/2008, विनियमन (EC) सं. 801/2013 द्वारा संशोधित

| **आवश्यक पावर स्थिति सूचना** | **पावर मोड** | |
|---|---|---|
| | **स्टैंडबाय** | **नेटवर्क स्टैंडबाय** |
| 230V / 50Hz इनपुट पर निर्दिष्ट बिजली मोड में बिजली की खपत | ≤ 0.5 W | उपलब्ध नहीं* |
| समय जिसके बाद उपकरण स्वचालित रूप से मोड में बदल जाता है | < 2 घंटे | उपलब्ध नहीं* |
| यदि सभी वायर्ड नेटवर्क पोर्ट जुड़े हुए हैं और सभी वायरलेस नेटवर्क पोर्ट सक्रिय हैं, तो 230V / 50Hz इनपुट पर नेटवर्क स्टैंडबाय में बिजली की खपत | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं* |
| नेटवर्क पोर्ट निष्क्रियण/सक्रियण प्रक्रियाएं सभी नेटवर्क निष्क्रिय करने से स्टैंडबाय मोड सक्षम हो जाएगा। | ***ब्लूटूथ***®: 10 सेकंडों तक ब्लूटूथ® बटन को दबाकर थामे रख कर पेयरिंग सूचि को साफ कर के निष्क्रिय करें। ब्लूटूथ स्रोत के साथ पेयरिंग करके सक्रिय करें।<br>*उत्पाद ब्लूटूथ® कनेक्शन के लिए नेटवर्क वाले स्टैंडबाय मोड का उपयोग नहीं करता है और इसमें वाई-फाई® या ईथरनेट के माध्यम से किसी नेटवर्क पर कॉन्फ़िगर करने की क्षमता नहीं है | |

**यूरोप के लिए**:

**संचालन के फ़्रिक्वेंसी बैंड 2400 to 2483.5 MHz**:

*ब्लूटूथ*: अधिकतम ट्रांसमिट पॉवर 20 dBm EIRP से कम

*ब्लूटूथ*कम ऊर्जा: अधिकतम शक्ति वर्णक्रमीय घनत्व 10 dBm / मेगाहर्ट्ज EIRP से कम।

廢電池請回收

**कृपया उपयोग किए गए बैटरियों को स्थानीय नियमों** के अनुसार समुचित ढंग से निपटाएं। इन्हें जलाएं नहीं।

इस प्रतीक चिन्ह का अर्थ है इस उत्पाद को गृह-जंजाल के रूप में न निपटाएं, एवं इसे रिसाइकिलिंग करने हेतु किसी सटीक संग्राहक सुविधा को ही सौंपा जाना चाहिए। इनके समुचित निपटारे एवं रिसाइकिलिंग करने से प्राकृतिक संसाधनों, मानव स्वास्थ्य एवं वातावरण की सुरक्षा में मदद मिलती है। इस उत्पाद के निपटारे एवं रिसाइकिलिंग पर अतिरिक्त जानकारी हेतु अंपने स्थानीय नगर निगम, निपटारा सेवा, या उस दुकान का संपर्क करें जहां से आपने इसे खरीदा था।

Li-ion इस उत्पाद में रिचार्जेबल लिथियम आयन बैटरी केवल एक योग्य पेशेवर द्वारा निकाला जाना चाहिए। कृपया अपने स्थानीय बोस रिटेलर से संपर्क करें या अधिक जानकारी के लिए products.bose.com/static/compliance/index.html देखें।

BC

## चीन द्वारा प्रतिबंधित खतरनाक पदार्थों की तालिका

| विषाक्त या घातक पदार्थों या तत्वों के नाम एवं भीतर की सामग्री | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | विषाक्त या घातक पदार्थों एवं तत्व | | | | | |
| भाग का नाम | **सीसा धातु (Pb)** | **पारा (Hg)** | **कैडमियम (Cd)** | **हेक्सावेलेंट (CR(VI))** | **पोलीब्रोमीनेटिड बाईफिनाइल (PBB)** | **पोलीब्रोमीनेटिड बाईफिनाइल ईथर (PBDE)** |
| PCB | X | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| धातु के पुर्जे | X | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| प्लास्टिक के पुर्जे | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| स्पीकर | X | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| केबल | X | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

इस तालिका को SJ/T 11364 के प्रावधानों के अनुसार तैयार किया गया है।

0: इंगित करता है कि इस पुर्जा की समग्र समांगी सामग्री में शामिल यह विषाक्त या घातक पदार्थ GB/T 26572 की आवश्यक सीमा से कम है।

X: इंगित करता है कि इस पुर्जा में उपयोग कम से कम एक समांगी सामग्री में शामिल यह विषाक्त या घातक पदार्थ GB/T 26572 की आवश्यक सीमा से अधिक है।

## ताइवान द्वारा प्रतिबंधित खतरनाक पदार्थों की तालिका

| उपकरण का नाम: Bose® SoundLink® Color ब्लूटूथ® स्पीकर II, प्रकार नाम: 419574. | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रतिबंधित पदार्थ और इसके रासायनिक प्रतीक | | | | | |
| इकाई | सीसा धातु (Pb) | पारा (Hg) | कैडमियम (Cd) | हेक्सावलेंट क्रोमियम (Cr+6) | पॉलीब्रोमिनेटेड बायफनील (PBB) | पॉलीब्रोमिनेटेड डिफेनील ईथर (PBDE) |
| PCB | - | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| धातु के पुर्जे | - | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| प्लास्टिक के पुर्जे | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| स्पीकर | - | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| केबल | - | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |

**नोट 1:** "○" इंगित करता है कि प्रतिबंधित पदार्थ की प्रतिशतता सामग्री उपस्थिति के संदर्भ मान प्रतिशत से अधिक नहीं है।

**नोट 2:** "-" इंगित करता है कि प्रतिबंधित वस्तु छूट से मेल खाती है।

# नियामक जानकारी

**कृपया पूरा करें एवं रिकॉर्ड के लिए अपने पास रख लें।**
क्रमिक एवं मॉडल संख्याएँ उत्पाद के तले और फुट के अंदर स्थित हैं।

क्रमिक संख्या: ____________________________________________

मॉडल संख्या: ____________________________________________

कृपया अपनी रसीद अपनी स्वामी मार्गदर्शिका के साथ रखें। अब एक अच्छा समय है आपके बोस उत्पाद का पंजीयन कराने का।
global.Bose.com/register में जाकर आप इस कार्य को बड़ी आसानी के साथ कर सकते हैं।

**उत्पादन की तारीख**: सीरियल नंबर में आठवाँ अंक निर्माण का वर्ष इंगित करता है; "8" 2008 या 2018 है।

**चीन के आयातक**: Bose Electronics (Shanghai) Company Limited, Level 6, Tower D, No. 2337 Gudai Rd. Minhang District, Shanghai 201100

**यूरोपीय संघ के आयातक**: Bose Products B.V., Gorslaan 60, 1441 RG Purmerend, The Netherlands

**ताइवान के आयातक**: Bose Taiwan Branch, 9F-A1, No. 10, Section 3, Minsheng East Road, Taipei City 104, Taiwan फ़ोन नंबर: +886-2-25147676

**मेक्सिको के आयातक**: Bose de México, S. de R.L. de C.V., Paseo de las Palmas 405-204, Lomas de Chapultepec, 11000 México, D.F. फ़ोन नंबर: 1(+5255)3545

**यूके के आयातक**: Bose Limited, Bose House, Quayside Chatham Maritime, Chatham, Kent, ME4 4QZ, United Kingdom

एप्पल, एप्पल लोगो, और Siri संयुक्त राज्य अमेरिका तथा अन्य देशों में पंजिकृत एप्पल इंक. के ट्रेडमार्क्स हैं। एप्प स्टोर एप्पल इंक. का एक सेवा चिन्ह है।

एंड्राइड, गुगल नाउ, गूगल प्ले एवं गूगल प्ले लोगो, ये सभी Google LLC के ट्रेडमार्क्स हैं।

*ब्लूटूथ*® शब्द चिन्ह एवं लोगो ब्लूटूथ SIG इंक के अपने पंजीकृत ट्रेडमार्क्स हैं, और बोस कारपोरेशन द्वारा ऐसे चिन्हों का इस्तेमाल अनुज्ञप्ति के अंतरगत है।

N-Mark NFC फोरम का एक ट्रेडमार्क या पंजीकृत ट्रेडमार्क है, संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य देशों में इंक.।

Bose Corporation मुख्यालय: 1-877-230-5639

©2021 Bose Corporation. इस कार्य का कोई भी भाग पूर्व लिखित अनुमति के बिना पुनर्निमाण, संशोधित, वितरित या अन्यथा उपयोग नहीं किया जा सकता है।

## बोस® क्नेक्ट एप्प

विशेषताएं ........ 9

## शुरू करना

सामान बाहर निकालना ........ 10
स्थान निर्धारण के दिशा निर्देश ........ 11
बिजली से जोड़ना ........ 12
अपने स्पीकर का पावर ऑन करना ........ 12
कंट्रोल बटन ........ 13
बहु-क्रियात्मक बटन का उपयोग करना ........ 14
    प्लेबैक कंट्रोल्स ........ 14
    स्पीकरफ़ोन कंट्रोल्स ........ 14
    आप के स्पीकर के द्‍वारा आप के मोबाइल उपकरण पर वायस कंट्रोल तक पहुँचना.. 15
    वायस अलर्टस ........ 15

## वायस प्रॉम्प्ट्स की सेटिंग करना

पूर्व स्थापित भाषाएं ........ 16
किसी भाषा का चयन करना ........ 16
वायस प्रॉम्पट्स को अक्षम करना ........ 16
भाषा परिवर्तन करना ........ 16

## ब्लूटूथ® टेक्नोलॉजी

अपने पेयरिंग विधि का चयन करना ........ 17
अपने मोबाइल उपकरण को पेयरिंग करना ........ 18
NFC से किसी मोबाइल उपकरण को पेयर करना ........ 19
एक और मोबाइल उपकरण को पेयरिंग करना ........ 20
किसी मोबाइल उपकरण को डिस्कनेक्ट करना ........ 20
किसी मोबाइल उपकरण को पुनः क्नेक्ट करना ........ 20

## एकाधिक कनेक्शन प्रबंधित करना

क्नेक्टेड मोबाइल उपकरणों की पहचान करना ........ 21
दो क्नेक्टेड मोबाइल उपकरणों के बीच स्विचिंग करना ........ 21
आप के स्पीकर के पेयरिंग सूची में संग्रहित किसी मोबाइल उपकरण को क्नेक्ट करना.... 21
आप के पेयरिंग सूची को साफ करना ........ 21
बोस® क्नेक्ट एप्प का उपयोग करना ........ 21

## केबल वाले उपकरण को क्नेक्ट करना

किसी मोबाइल उपकरण को क्नेक्ट करने के लिए केबल का उपयोग ........ 22

## बैटरी पावर पर परिचालन

बैटरी सुरक्षा मोड ........ 23

ऑटो-ऑफ सेटिंग ........ 23

ऑटो-ऑफ को अक्षम करना ........ 23

## सिस्टम की जानकारी प्राप्त करना

स्थिति संकेतक ........ 24

बैटरी संकेतक ........ 25

ब्लूटूथ® संकेतक ........ 25

इंपुट संकेतक ........ 25

## बोस स्पीकर के बीच ऑडियो साझा करें

बोस क्नेक्ट एप्प (अनुसंशित) के उपयोग द्वारा स्पीकरों को पेयर करना ........ 26

स्पीकरों को मैनुअली पेयर करना ........ 26

पार्टी मोड ........ 26

स्टीरियो मोड ........ 28

पार्टी मोड और स्टीरियो मोड के बीच परिवर्तन ........ 28

पार्टी मोड या स्टीरियो मोड को अक्षम करना ........ 28

## देखभाल और रखरखाव

सफाई ........ 29

ग्राहक सेवा ........ 29

सीमित वारंटी ........ 29

तकनीकी जानकारी ........ 29

## समस्या निवारण

आम समाधान ........ 30

अपने स्पीकर को पुनः सेट करना ........ 32

ब्लूटूथ® कनेक्सनों का आसानी से प्रबंधन करने हेतु बोस® क्नेक्ट डाउनलोड करें, सुविधाओं को अनलॉक करें तथा भविष्य के अद्यतनों का उपयोग करें।

## विशेषताएं

- अपने स्पीकर की पूरी क्षमता को प्रकट करें।
- मुफ्त एप्प ज़्यादातर एप्पल और एंड्रॉयड™ सिस्टम के साथ सुसंगत है।
- एक ही स्वाइप से एकाधिक मोबाईल उपकरणों के साथ आसानी से कनेक्ट करें तथा उनके बीच स्वीच करें।
- वायस प्रॉम्प्ट्स को अक्षम करें।
- नवीनतम सॉफ्टवेयर के द्वारा अपने स्पीकर को आधुनिकतम बनाए रखें।
- स्पीकर सेटिंग्स को स्वनिर्धारित करें, जैसे कि वायस प्रोम्प्ट भाषा।
- अपने स्पीकर को पार्टी मोड या स्टीरियो मोड में चलाने के लिए दो बोस स्पीकर से पेयर करें। इन मोड के बारे में अधिक जानकारी के लिए बोस कनेक्ट एप्प देखें।

Download on the App Store


GET IT ON Google Play

# सामान बाहर निकालना

कार्टून को सावधानीपूर्वक खोलें एवं यह सुनिश्चित करें की निम्नलिखित पूर्जे शामिल हैं:




साउंडलिंक कलर ब्लूटूथ® स्पीकर II



USB चार्जिंग केबल

यदि स्पीकर का पूर्जा क्षतिग्रस्त है, तो उसका इस्तेमाल नहीं करें। अपने अधिकृत बोस® विक्रेता या बोस ग्राहक सेवा से संपर्क करें।
जाएं: global.Bose.com/Support/SLCii

# स्थान निर्धारण के दिशा निर्देश

- ब्लूटूथ के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अपने मोबाइल डिवाइस को अपने स्पीकर के 30 फीट (9 मीटर) के भीतर रखें, और सुनिश्चित करें कि आपके और आपके स्पीकर के बीच एक स्पष्ट दृष्टि रेखा है। आपके मोबाईल उपकरण को और भी दूर ले जाने, या एक निर्बाध दृष्टिरेखा के न होने से आवाज की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है, एवं आपका मोबाइल उपकरण आपके स्पीकर से डिसकनेक्ट हो सकता है।

- सर्वोत्तम प्रदर्शन हेतु आपके स्पीकर के पिछले हिस्से को नजदीक रखें, परन्तु किसी दिवार से सटाकर नहीं रखें। जैसे-जैसे आप अपने स्पीकर को किसी दिवार से दूर ले जाते हैं, बास अनुक्रिया घटती है।
- अन्य वायरलेस उपकरण को अपने स्पीकर से कम से कम 3 फीट (1 मी) दूर रखें।

- अपने स्पीकर एवं मोबाइल उपकरण को धातु की अलमारियों से बाहर तथा अन्य ऑडियो/विडियो घटकों एवं प्रत्यक्ष ताप-श्रोतों से दूर रखें।


**सावधानी:** अपने स्पीकर को उसके आधार पर खड़ी करें। आपके स्पीकर को किसी अन्य पहलु पर खड़ी करने से आपके स्पीकर को क्षति पहुँच सकती है, एवं आवाज की गुणवत्ता भी प्रभावित हो सकती है।

# बिजली से जोड़ना

आपके स्पीकर को एक आंशिक शुल्क पर भेजा जाता है। अपने स्पीकर को पहली बार इस्तेमाल करने से पहले, इसे एक USB वाल चार्जर या एक चालू कंप्यूटर से कनेक्ट करें। आपके स्पीकर को पूरी तरह से चार्ज करने की ज़रुरत नहीं है, परन्तु बैटरी को सक्रिय करने हेतु इसे प्रारंभिक कनेक्शन की ज़रुरत अवश्य पड़ती है।

**नोट:** स्पीकर के सर्वोत्तम चार्जिंग अनुभव हेतु एक 1000 mA पॉवर स्रोत का इस्तेमाल करें। 1000 mA से कम के पॉवर स्रोत का इस्तेमाल करने से चार्जिंग गति धीमी हो सकती है या आपका स्पीकर चालू अवस्था में चार्ज होने में अक्षम हो सकता है।

1. USB चार्जिंग केबल के छोटेवाले छोर को आपके स्पीकर के micro-B USB कनेक्टर के साथ जोड़ दें।




2. और दुसरे छोर को एक USB वाल चार्जर या चालू कंप्यूटर से जोड़ दें।

   बैटरी संकेतक में अम्बेर ब्लिंक करता है एवं आपका स्पीकर एक स्वर छेड़ता है। जब पूरी तरह से चार्ज हो जाता है, तो बैटरी संकेतक हरा में चमकता है।

# अपने स्पीकर का पावर ऑन करना

बटन पैड पर पावर बटन ⏻ को दबाएँ।


- जब स्पीकर को पहली बार चालू किया जाता है, तो ब्लूटूथ® सूचक नीले में ब्लिंक करता है, एवं भाषा (देखें पृष्ठ 16 ) का चयन करने हेतु आपको एक वायस प्रॉम्प्ट सुनाई देता है।
- जब स्पीकर को पूर्व में चालु किया जा चूका हो तथा कम-से-कम एक मोबाइल उपकरण को पेयर किया गया हो, ब्लूटूथ® सूचक सफ़ेद में ब्लिंक करता है एवं स्पीकर अंतिम दो मोबाइल उपकरणों के साथ कनेक्ट हो जाता है।

  आप सुनते हैं "बैटरी *<कम/मध्यम/उच्च>*। *<मोबाइल उपकरण नाम>*" के साथ जुड़ गया। ब्लूटूथ® संकेतक गहरे सफ़ेद में ब्लिंक करता है।

# कंट्रोल बटन

बटन पैड आपको अपने स्पीकर को चालू करने तथा उसके प्लेबैक, आवाज और स्पीकरफोन को नियंत्रित करने में सक्षम बनाता है।

**नोट:** कुछ खास मोबाइल उपकरण इन कार्यों का समर्थन नहीं भी कर सकते हैं।



# बहु-क्रियात्मक बटन का उपयोग करना

यह बटन संगीत स्रोतों एवं आपके स्पीकर से आपके मोबाइल उपकरण पर किए गए स्पीकरफोन कॉल्स को नियंत्रित करता है।

## प्लेबैक कंट्रोल्स

| | |
|---|---|
| चलाएं | •●• दबाएं । |
| पॉज करें | •●• दबाएं ।<br>**नोट:** इनपुट मोड में •●• को दबाने पर ऑडियो मूक हो जाती है, (देखें पृष्ठ पृष्ठ 22) |
| अगले ट्रैक पर छलांग लगाएं | •●• दोबार दबाएं। |
| पिछले ट्रैक पर छलांग लगाएं | •●• तीन बार बदाएं। |

## स्पीकरफ़ोन कंट्रोल्स

| | |
|---|---|
| कॉल करें | अपने मोबाइल उपकरण पर वायस कण्ट्रोल को सक्रिय करने हेतु •●• को दबाकर थामे रखें।<br>**नोट:** अधिक जानकारी हेतु पृष्ठ 15 देखें। |
| कॉल पर रहने के दौरान कॉल को स्पीकरफोन से अपने मोबाइल उपकरण पर स्थानांतरित करें | •●• दबाकर रखें । |
| कॉल का जवाब दें | •●• दबाएं । |
| कॉल रद्द करें | •●• दबाकर रखें । |
| कॉल समाप्त करें | •●• दबाएं । |
| कॉल म्यूट करें | **+** ओर **–** को एक साथ दबाएं रखें।<br>अनम्यूट करने के लिए दबा कर थामे रखें। |
| कॉल्स के बीच स्विच करें | जब आप किसी कॉल पर हों, तो एक द्वितीय कॉल का जवाब देने हेतु •●• को दबाएँ।<br>कॉल्स के बीच स्विच करने हेतु •●• को दो बार दबाएँ। |

## आप के स्पीकर के द्वारा आप के मोबाइल उपकरण पर वायस कंट्रोल तक पहुँचना

स्पीकर का माइक्रोफोन आपके स्मार्टफ़ोन के माइक्रोफोन के एक विस्तार के रूप में कार्य करता है। बहु-क्रियात्मक बटन •●•, का इस्तेमाल करके आप कॉल्स करने/प्राप्त करने या Siri® या Google Now™ से संगीत बजाने, आपको मौसम के बारे में बताने, किसी खेल का स्कोर बताने, तथा अन्य कार्यों हेतु अनुरोध करने के लिए अपने मोबाइल उपकरण पर वायस कंट्रोल सुविधाओं का उपयोग कर सकते हैं।

अपने मोबाइल उपकरण पर वायस कण्ट्रोल को सक्रिय करने हेतु •●• को दबाकर थामे रखें।

## वायस अलर्टस

आपका स्पीकर आने वाले कॉल्स के कॉलर्स की पहचान करता है (जब प्रयोज्य हो)। इस सुविधा को अक्षम करने के लिए, देखें पृष्ठ 16 पर "वायस प्रॉम्पट्स को अक्षम करना"।

वायस प्रॉम्प्ट्स आपको ब्लूटूथ® पेयरिंग तथा क्नेक्ट करने की प्रक्रिया में आपका मार्गदर्शन करता है।

# पूर्व स्थापित भाषाएं

- अंग्रेज़ी
- स्पेनी
- फ्रेंच
- जर्मन
- मेंडारिन
- जापानी
- कोरियाई
- इतालवी
- पुर्तगाली
- स्वीडिश
- डच
- रूसी
- पोलिश

**अतिरिक्त भाषाओँ हेतु जांच करने के लिए**

अतिरिक्त भाषाएँ उपलब्ध हो सकती हैं भाषा अपडेट की जांच करने के लिए, बोस® अपडेटर डाउनलोड करें।
देखें: btu.Bose.com

# किसी भाषा का चयन करना

1. भाषाओं के बीच स्क्रॉल करने के लिए **+** या **–** दबाएं।
2. जब आपको अपनी भाषा सुनाई दे, तो उसका चयन करने हेतु बहु-क्रियात्मक बटन •●• को दबाए रखें।

   आप एक बीप एवं “पेयर के लिए तैयार” सुनते हैं।

# वायस प्रॉम्पट्स को अक्षम करना

**+** एवं **–** दोनों को एक साथ दबाए रखें जब तक कि आप “वायस प्रॉम्प्ट्स ऑफ” नहीं सुनते हैं।

**नोट:** वायस प्रॉम्प्ट्स को पुन: सक्षम करने हेतु दोहराएं।

# भाषा परिवर्तन करना

1. (→) एवं **–** को एक साथ दबा कर थामे रखें जब तक कि आप पहली भाषा विकल्प हेतु वायस प्रॉम्प्ट्स नहीं सुनते हैं।
2. भाषाओं के बीच स्क्रॉल करने के लिए **+** या **–** दबाएं।
3. जब आप अपनी भाषा प्राथमिकता को सुनें तो •●• को दबाकर थामे रखें जब तक कि आप एक बीप एवं “<*मोबाइल उपकरण का नाम*> से क्नेक्टेड” नहीं सुन लें।

*ब्लूटूथ*® बेतार प्रौद्योगिकी आपको *ब्लूटूथ*, स्मार्टफ़ोन, टेबलेट्स, कम्प्यूटर्स या अन्य उपकरणों से संगीत को अपने स्पीकर में प्रवाहित करने देती है। किसी मोबाइल उपकरण से संगीत लाने से पहले आपको अनिवार्यतः उस उपकरण को अपने स्पीकर से पेयर करना होगा।

# अपने पेयरिंग विधि का चयन करना

*ब्लूटूथ* बेतार प्रौद्योगिकी या नियर फील्ड कम्युनिकेशन (NFC) का इस्तेमाल करके आप अपने मोबाइल उपकरण को अपने स्पीकर के साथ पेयर कर सकते हैं।

आप अपने मोबाइल उपकरण (देखें पृष्ठ 9) को पेयर करने हेतु बोस कनेक्ट ऐप्प का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

## NFC क्या है?

NFC एक प्रौद्योगिकी है जो मोबाइल उपकरणों को आपस में बस टैप करने से वायरलेस कम्युनिकेशन स्थापित करने में मोबाइल उपकरणों को सक्षम बनाती है। यह जानने हेतु कि आपका मोबाइल उपकरण NFC समर्थित है या नहीं, अपने उपकरण का स्वामी मार्गदर्शिका देखें।

| | |
|---|---|
| **यदि आपका मोबाइल उपकरण NFC के माध्यम से *ब्लूटूथ* पेयरिंग का समर्थन नहीं करता है, या यदि आप निश्चित नहीं हैं:** | पृष्ठ 18 पर “अपने मोबाइल उपकरण को पेयरिंग करना” के लिए निर्देशों का पालन करें। |
| **यदि आपका उपकरण NFC के उपयोग द्वारा *ब्लूटूथ* पेयरिंग का समर्थन करता है:** | पृष्ठ 19 पर “NFC से किसी मोबाइल उपकरण को पेयर करना” के लिए निर्देशों का पालन करें। |

**नोट:** यदि आपका मोबाइल उपकरण NFC के माध्यम से ब्लूटूथ को पेयर कराने का समर्थन करता है, तो आप पेयरिंग के दोनों में से किसी भी प्रक्रिया का इस्तेमाल कर सकते हैं।


# अपने मोबाइल उपकरण को पेयरिंग करना

जब आप अपने स्पीकर को पहली बार चालु करते हैं, स्पीकर स्वचालित रूप से आपके मोबाइल उपकरण की खोज करने लगता है।

1. अपने मोबाइल उपकरण में ब्लूटूथ® सुविधा को चालू करें।

   **सुझाव:** ब्लूटूथ सुविधा साधारणतः सेटिंग्स मेनू में ही पाई जाती है।

2. उपकरण सूची से आप अपने बोस® साउंडलिंक® स्पीकर का चयन करें।




एक बार पेयर हो जाने के बाद, आप सुनेंगे "<*मोबाइल उपकरण नाम*>, से क्नेक्टेड" और ब्लूटूथ संकेतक गहरे सफेद रंग में चमकने लगता है।

**नोट:** अन्य मोबाइल उपकरण को पेयर करने हेतु, देखें पृष्ठ 20।


# NFC से किसी मोबाइल उपकरण को पेयर करना

1. अपने मोबाइल उपकरण को अनलॉक करें और ब्लूटूथ® और NFC विशेषताओं को ऑन करें।

   इन सुविधाओं के बारे में अतिरिक्त जानकारी हेतु अपने मोबाइल उपकरण का स्वामी निर्देशिका देखें।

2. अपने मोबाइल उपकरण के NFC टचपॉइंट को अपने स्पीकर के शीर्ष पर टैप करें।

   आपका उपकरण आपको पेयरिंग को स्वीकार करने हेतु प्रॉम्प्ट कर सकता है।




एक बार पेयर हो जाने के बाद, आप सुनेंगे “<*मोबाइल उपकरण नाम*>, से क्नेक्टेड” और ब्लूटूथ संकेतक गहरे सफेद रंग में चमकने लगता है।

# एक और मोबाइल उपकरण को पेयरिंग करना

स्पीकर की पेयरिंग सूची में आप आठ पेयर मोबाइल उपकरण तक का संचित कर सकते हैं।

- ब्लूटूथ® बटन ✱ को दबाकर थामे रखें जब तक कि ब्लूटूथ संकेतक नीले में ब्लिंक नही करने लगे और आपको “दूसरे उपकरण से पेयर के लिए तैयार” सुनाई नहीं दे। अपने मोबाइल उपकरण को स्पीकर (देखें पृष्ठ 18 ) के साथ पेयर करें।
- यदि आपका मोबाइल उपकरण NFC के माध्यम से पेयरिंग का समर्थन करता है, देखें पृष्ठ 19।

# किसी मोबाइल उपकरण को डिस्कनेक्ट करना

- अपने मोबाइल उपकरण पर ब्लूटूथ सुविधा को बंद कर दें।
- यदि आपका मोबाइल उपकरण NFC के माध्यम से पेयरिंग का समर्थन करता है, अपने स्पीकर के शीर्ष केंद्र पर अपने मोबाइल उपकरण के NFC टचपॉइंट को टैप करके थामे रखें।

# किसी मोबाइल उपकरण को पुनः क्नेक्ट करना

चालू करने पर आपका स्पीकर दो सबसे हाल में जोड़े गए मोबाइल उपकरणों से पुनः जुड़ने का प्रयास करता है।

**नोट:** मोबाइल उपकरणें सीमा के अन्दर तथा चालु होने चाहिए।

यदि आपका मोबाइल उपकरण NFC के माध्यम से पेयरिंग का समर्थन करता है, अपने स्पीकर के शीर्ष पर अपने मोबाइल उपकरण के NFC टचपॉइंट को टैप करें।

स्पीकर के पेयरिंग सूची में आप आठ पेयर्ड मोबाइल उपकरणों को संचित कर सकते हैं, एवं आपका स्पीकर एक समय में दो मोबाइल उपकरणों से सक्रिय रूप से जुड़ा हो सकता है।

**नोट:** आप एक समय में केवल एक ही मोबाइल उपकरण से ऑडियो बजा सकते हैं।

## क्नेक्टेड मोबाइल उपकरणों की पहचान करना

कौन से मोबाइल उपकरण वर्तमान में कनेक्टेड हैं, यह सुनने के लिए ᛒ को दबाएँ।

## दो क्नेक्टेड मोबाइल उपकरणों के बीच स्विचिंग करना

1. अपने पहले मोबाइल उपकरण पर ऑडियो को रोकें।
2. अपने दुसरे मोबाइल उपकरण पर ऑडियो बजाएं।

## आप के स्पीकर के पेयरिंग सूची में संग्रहित किसी मोबाइल उपकरण को क्नेक्ट करना

1. कौन सा मोबाइल उपकरण वर्तमान में कनेक्टेड है, यह सुनने के लिए ᛒ को दबाएँ।
2. आपके स्पीकर के पेयरिंग सूची के अगले मोबाइल उपकरण से संपर्क स्थापित करने हेतु दो सेकेंडों के अन्दर ही ᛒ को दबाएँ।
3. इस प्रक्रिया को दोहराते रहें जब तक कि आप इच्छित मोबाइल उपकरण का नाम नहीं सुन लें।
4. जुड़े हुए उपकरण में ऑडियो बजाएं।

## आप के पेयरिंग सूची को साफ करना

1. ᛒ को दबाएँ एवं उसे 10 सेकंडों तक थामे रखें, जब तक कि आप ये नहीं सुनें "ब्लूटूथ® उपकरण सूची साफ हो गया। पेयर के लिए तैयार."

   सभी मोबाइल उपकरणों को साफ़ कर दिया गया है, और आपका स्पीकर एक नए मोबाइल उपकरण को पेयर करने हेतु तैयार है।

2. अपने उपकरण के ब्लूटूथ सूची से अपने बोस® साउंडलिंक® स्पीकर को हटा दें।

## बोस® क्नेक्ट एप्प का उपयोग करना


बोस कनेक्ट एप्प के माध्यम से आप एकाधिक जुड़े मोबाइल उपकरणों का प्रबंधन भी बड़ी आसानी से कर सकते हैं। अतिरिक्त जानकारी हेतु, देखें पृष्ठ 9।

आप एक स्मार्टफ़ोन, टेबलेट, ऑडियो, कम्प्यूटर या अन्य प्रकार के मोबाइल उपकरण के आउटपुट को स्पीकर के AUX कनेक्टर से जोड़ सकते हैं।

# किसी मोबाइल उपकरण को क्नेक्ट करने के लिए केबल का उपयोग

AUX कनेक्टर एक 3.5 मि०मी० स्टीरियो केबल प्लग स्वीकार करता है। (दिया नहीं गया है)।

1. एक 3.5 मि०मी० स्टीरियो केबल के उपयोग से अपने मोबाइल उपकरण को अपने स्पीकर के AUX कनेक्टर से कनेक्ट करें।




2. अपने स्पीकर पर ⏻ को दबाएँ।

3. ⊕ दबाएं ।

   इनपुट संकेतक सफ़ेद चमकता है।

# बैटरी सुरक्षा मोड

जब आपके स्पीकर के प्लग को बिजली के स्रोत से निकाल लिया जाता है, और वह बचे हुए 10 प्रतिशत से भी कम चार्ज में तीन दिन से ज्यादा समय तक इस्तेमाल में नहीं लाया जाता; तो वह बैटरी को बचाने के लिए बैटरी-सुरक्षा प्रणाली में चला जाता है। अपने स्पीकर को पुनः सक्रिय करने के लिए उसे एक USB वाल चार्जर या चालू कंप्यूटर से जोड़ दें।

जब आपके स्पीकर का इस्तेमाल न होता हो तो उसे एक ठंढे स्थान पर रखें।

**नोट:** जब आपका स्पीकर पूर्ण रूप से चार्ज हो अथवा बैटरी संकेतक लाल में ब्लिंक करता हो तो उसे ज्यादा लम्बे समय तक संचित नहीं करें।

# ऑटो-ऑफ सेटिंग

जब आपका स्पीकर बैटरी की शक्ति से चल रहा हो, तो निष्क्रियता से 30 मिनट के बाद वह बंद हो जाता है (आपके स्पीकर से कोई आवाज नहीं आती)।

## ऑटो-ऑफ को अक्षम करना


1. **+** ओर को एक साथ दबाए रखें।

   आप सुनते हैं "ऑटो-ऑफ अक्षम किया गया।"

2. ऑटो ऑफ सुविधा को पुनः सक्षम करने हेतु दोहराएं

# स्थिति संकेतक

उपकरण के शीर्ष में संकेतकों की एक श्रृंखला होती है, जो उपकरण की अवस्था के मुताबिक चमकता है।



## बैटरी संकेतक

बैटरी के चार्ज-स्तर को दर्शाता है। प्रत्येक बार जब आप अपने स्पीकर को चालू करते हैं, तो बैटरी संकेतक दो सेकंडों हेतु बैटरी-चार्ज स्तर को दर्शाता है और एक वायस प्रॉम्प्ट बैटरी-चार्ज स्तर की घोषणा करता है।

बैटरी चार्ज-स्तर की जांच करने हेतु बैटरी संकेतक पर नज़र रखते हुए ⏻ को दबाकर थामे रखें।

**नोट:** क्या बजाया जा रहा है, और कितने जोर से बजाया जा रहा है इसके अनुसार बैटरी का प्रदर्शन बदलता है। विशिष्ट इस्तेमाल में स्पीकर की बैटरी आठ घंटे तक चलती है।

| संकेतक गतिविधि | सिस्टम स्थिति |
|---|---|
| गहरा हरा | चार्ज्ड / मध्यम से पूर्ण चार्ज |
| अम्बेर ब्लिंक करना | चार्ज हो रहा है |
| गहरा अम्बेर | मध्यम चार्ज |
| लाल ब्लिंक करना | चार्ज करने की जरूरत |

## ब्लूटूथ® संकेतक

एक मोबाइल उपकरण के संयोजन की स्थिति को दर्शाता है।

| संकेतक गतिविधि | सिस्टम स्थिति |
|---|---|
| नीला ब्लिंक करना | पेयर के लिए तैयार |
| सफेद ब्लिंक करना | क्नेक्ट हो रहा है |
| गहरा सफेद | क्नेक्ट हो गया |

## इंपुट संकेतक

एक ऐसे मोबाइल उपकरण के कनेक्शन स्थिति को दर्शाता है जो AUX केबल के माध्यम से जुड़ा है।

| संकेतक गतिविधि | सिस्टम स्थिति |
|---|---|
| गहरा सफेद | उपकरण एक अन्य उपकरण से किसी विषयवस्तु को बजाने हेतु तैयार है |

एक मोबाइल उपकरण को जोड़ने के लिए एक केबल के उपयोग के बारे में अतिरिक्त जानकारी हेतु देखें पृष्ठ 22।

## बोस स्पीकर के बीच ऑडियो साझा करें

बोस क्नेक्ट एप्प (अनुशंसित) या स्पीकरों के कंट्रोल बटन के उपयोग से आप अपने बोस® स्पीकरों को निम्नलिखित मोड में चलाने के लिए एक साथ पेयर कर सकते हैं

- पार्टी मोड (बायां और दायां स्पीकर एक सुर में)
- स्टीरियो मोड (बायां स्पीकर और दायां स्पीकर अलग चलता है)

आप बोस® कनेक्ट ऐप (अनुशंसित) या स्पीकर नियंत्रण बटनों का उपयोग कर ऐसा कर सकते हैं।

क्या आप का द्वितीयक स्पीकर इन विधियों का समर्थन करता है, इस के लिए अपना बोस स्वामी निर्देशिका देखें।

# बोस क्नेक्ट एप्प (अनुसंशित) के उपयोग द्वारा स्पीकरों को पेयर करना


अधिक जानकारी के लिए, बोस कनेक्ट ऐप डाउनलोड करें।

# स्पीकरों को मैनुअली पेयर करना

यदि आप बोस कनेक्ट एप्प तक पहुँच में असमर्थ हैं, तो नीचे दिए गए निर्देशों का पालन करें।


## पार्टी मोड

1. सुनिश्चित करें कि दोनों स्पीकर का पावर ऑन है।
2. सुनिश्चित करें कि एक स्पीकर आप के मोबाइल उपकरण से क्नेक्ट किया गया है।
3. आप के उपकरण से क्नेक्ट किए गए स्पीकर पर ✱ और **+** को एक साथ दबा कर थामे रखें।



4. बटनों के छोड़ दें जब आप "दूसरें बोस उपकरण पर ब्लूटूथ और वॉल्यूम कम करने वाले बटनों को एक साथ दबाएं" सुनें।

5. दूसरे स्पीकर पर, ✱ और – को एक साथ दबा कर थामे रखें।




6. जब स्पीकर एक टोन छोड़ें तो बटनों को छोड़ दें।


   10 सेकंडों बाद, आप दोनों स्पीकर से एक साथ "पार्टी मोड" सुनते हैं। पार्टी मोड सक्षम है, और अब आप अपने मोबाइल उपकरण का उपयोग करके एक सुर में ऑडियो चलाने में सक्षम हैं।

7. सर्वोत्कृष्ट अनुभव के लिए, अपने स्पीकरों को स्थापित करें:
   - एक ही कमरे या बाहरी क्षेत्र में
   - इस तरह कि उन के बीच कोई बाधा नहीं हो

   **नोट:** मोबाइल उपकरण, दूरी और पर्यावरण संबंधी कारकों के आधार पर प्रदर्शन भिन्न हो सकता है।

## स्टीरियो मोड

1. अपने स्पीकरों को पार्टी मोड के लिए कॉन्फ़िगर करें (देखें पृष्ठ 26)।
2. किसी एक स्पीकर पर, ✱ और **+** को एक साथ दबाएं।




3. जब आप “स्टीरियो मोड” सुनें तो बटनों को छोड़ दें।

   आप बायां स्पीकर से “बायां” और दायां स्पीकर से “दायां” सुनते हैं।

   स्टीरियो मोड सक्षम है, और अब आप अपने मोबाइल उपकरण का उपयोग करके स्टीरियो में ऑडियो चलाने में सक्षम हैं।

4. सर्वोत्कृष्ट अनुभव के लिए, अपने स्पीकरों को स्थापित करें:
   - एक ही कमरे या बाहरी क्षेत्र में
   - एक-दूसरे से 10 फीट के अंदर, अवरोधों से मुक्त
   - ताकि प्रत्येक स्पीकर से आपकी दूरी बराबर है

   **नोट:** उपकरण, दूरी और पर्यावरण संबंधी कारकों के आधार पर प्रदर्शन भिन्न हो सकते हैं।

# पार्टी मोड और स्टीरियो मोड के बीच परिवर्तन

किसी एक स्पीकर पर, ✱ और **+** को एक साथ दबाएं।

# पार्टी मोड या स्टीरियो मोड को अक्षम करना

दूसरे स्पीकर का पावर ऑफ कर दें।

# सफाई

- स्पीकर की सतह को एक भीगे मुलायम कपड़े (केवल पानी) से साफ़ करें।
- स्पीकर के निकट किसी भी स्प्रे का इस्तेमाल नहीं करें। किसी भी द्रावक, रासायनिक पदार्थ, या अल्कोहल मिश्रित सफाई घोल, अमोनिया या अपघर्षक का इस्तेमाल न करें।
- किसी भी छिद्र के अन्दर किसी द्रव को जाने न दें।

# ग्राहक सेवा

अतिरिक्त सहायता हेतु बोस ग्राहक सेवा से संपर्क करें।
देखें: global.Bose.com/Support/SLCII

# सीमित वारंटी

आपका स्पीकर एक सिमित वारंटी के अंतर्गत है। सीमित वारंटी के विवरण के लिए हमारे वेबसाइट global.Bose.com/warranty पर जाएँ।

अपने उत्पाद को पंजीकृत करने हेतु, निर्देशों के लिए global.Bose.com/register पर जाएं। पंजीयन कराने में असफलता आपके सीमित वारंटी अधिकारों को प्रभावित नहीं करेगी।

# तकनीकी जानकारी

**इनपुट वोल्टेज:** 5V ⎓

**इनपुट करंट:** 1A

यदि आपके ब्लूटूथ® स्पीकर में कोई भी समस्या उत्पन्न होती है:

- बैटरी संकेतक की जांच करें (देखें पृष्ठ 25)। यदि ज़रूरी हो तो अपने स्पीकर को चार्ज करें।
- सुनिश्चित करें कि सारे केबल्स सुरक्षित रूप से जुड़े हैं।
- स्थिति संकेतकों (देखें पृष्ठ 24) की अवस्था की जांच करें।
- स्थापना निर्देशों (देखें पृष्ठ 11) के अनुसार अपने स्पीकर को स्थापित करें।
- सुनिश्चित करें कि आपका मोबाइल उपकरण ब्लूटूथ® या NFC प्रौद्योगिकी (देखें पृष्ठ 17) के माध्यम से ब्लूटूथ पेयरिंग का समर्थन करता है।

यदि आप अपनी समस्या को हल नहीं कर पाते हैं, तो सामान्य समस्याओं के लक्षण की पहचान करने और समाधान के लिए नीचे की तालिका देखें। यदि आप अपनी समस्या हल करने में नाकाम रहते हैं, तो बोस® ग्राहक सेवा से संपर्क करें।

# आम समाधान

निम्न तालिका में आम समस्याओं के लक्षणों तथा उनके संभावित समाधानों को सूचीबद्ध किया गया है।

| समस्या | क्या करना है |
|---|---|
| बैटरी चार्ज नहीं होगा | • बैटरी सुरक्षा प्रणाली में अथवा डिस्चार्ज्ड हो सकती है। USB चार्जिंग केबल को एक USB वाल चार्जर या चालू कंप्यूटर से जोड़ दें। |
| पावर नहीं (बैटरी) | • USB चार्जिंग केबल को एक अन्य USB पोर्ट से जोड़ दें।<br>• एक अन्य USB केबल का इस्तेमाल करें।<br>• एक अन्य वाल चार्जर का इस्तेमाल करें।<br>• एक अलग AC (mains) बिजली स्रोत से कनेक्ट करें। |
| किसी मोबाइल उपकरण से स्पीकर पेयर नहीं करेगा | • अपना मोबाइल उपकरण ऑन करें, ब्लूटूथ® सुविधा ऑफ करें और फिर ऑन करें। अपने मोबाइल उपकरण में स्थित ब्लूटूथ सूची से अपने स्पीकर को हटाएं। एक बार फिर अपना मोबाइल उपकरण पेयर करें।<br>• आप के पेयरिंग सूची को साफ करना: ✱ को दबाकर 10 सेकंडों तक थामे रखें। अपने उपकरण के ब्लूटूथ सूची से अपने बोस साउंडलिंक स्पीकर को हटा दें। फिर से पेयर करें।<br>• एक अन्य उपकरण को पेयर करें (देखें पृष्ठ 17)।<br>• अपने स्पीकर को रिसेट करें (देखें पृष्ठ 32)। |

| समस्या | क्या करना है |
|---|---|
| NFC के माध्यम से स्पीकर पेयर नहीं करेगा | • अपने उपकरण को अनलॉक करें और ब्लूटूथ और NFC विशेषताओं को ऑन करें।<br>• आपके उपकरण के पीछे स्थित NFC टच पॉइंट को आपके स्पीकर के शीर्ष पर टैप करें।<br>• अपने उपकरण को पेयर करने हेतु ब्लूटूथ का इस्तेमाल करें (देखें पृष्ठ 18)। |
| बोस स्पीकर मैनुअल रूप से एक साथ पेयर नहीं होते हैं | • अपने बोस स्पीकर को पेयर करने के लिए एक अतिरिक्त तरीके के लिए बोस कनेक्ट ऐप डाउनलोड करें।<br>• पका दूसरा स्पीकर स्टीरियो या पार्टी मोड का समर्थन नहीं कर सकता है। अपने बोस स्पीकर स्वामी गाइड देखें |
| कोई आवाज़ नहीं | • अपना मोबाइल उपकरण ऑन करें, ब्लूटूथ® सुविधा ऑफ करें और फिर ऑन करें। आपके मोबाइल उपकरण के ब्लूटूथ सूची से अपने बोस साउंड लिंक स्पीकर को हटा दें। एक बार फिर अपना मोबाइल उपकरण पेयर करें।<br>• आपके स्पीकर, आपके उपकरण एवं संगीत स्रोत की आवाज़ को बढ़ाएं।<br>• जाँच लें कि सभी वायस प्रॉम्प्ट्स चालू हैं। कनेक्टेड मोबाइल उपकरण को सुनने हेतु ✱ को दबाएँ। सुनिश्चित करें कि आप सही मोबाइल उपकरण का इस्तेमाल कर रहे हैं।<br>• भिन्न संगीत स्रोत का उपयोग करें।<br>• एक भिन्न मोबाइल उपकरण को जोड़ें (देखें पृष्ठ 17)।<br>• यदि दो मोबाइल उपकरण क्नेक्ट हैं, तो आप अपने अन्य मोबाइल उपकरण को पहले रोकें।<br>• आप के पेयरिंग सूची को साफ करना: ✱ को दबाकर 10 सेकंडों तक थामे रखें। अपने उपकरण के ब्लूटूथ सूची से अपने बोस साउंडलिंक स्पीकर को हटा दें। फिर से पेयर करें। |
| केबल लगे मोबाइल उपकरण से कोई आवाज नहीं | • मोबाइल उपकरण को चालू करें एवं संगीत बजाएं।<br>• अपने स्पीकर और मोबाइल उपकरण पर आवाज बढ़ाएं।<br>• ⊕ दबाएँ और छोड़ें जब तक कि इनपुट संकेतक सफ़ेद में नहीं चमकता है।<br>• एक भिन्न AUX केबल उपयोग करें।<br>• मोबाइल उपकरण पर आवाज को बढ़ाएं।<br>• एक भिन्न मोबाइल उपकरण को जोड़ें। |
| आवाज़ की ख़राब गुणवत्ता | • भिन्न संगीत स्रोत का उपयोग करें।<br>• एक भिन्न मोबाइल उपकरण को पेयर करें।<br>• दूसरे उपकरण को डिस्कनेक्ट करें।<br>• अपने मोबाइल उपकरण तथा संगीत स्रोत में आवाज़ को बढ़ा दें। |

| समस्या | क्या करना है |
|---|---|
| केबल लगे हुए मोबाइल उपकरण से घटिया गुणवत्ता वाली आवाज | • अपने स्पीकर और मोबाइल उपकरण पर आवाज बढ़ाएं।<br>• एक भिन्न AUX केबल उपयोग करें।<br>• एक भिन्न मोबाइल उपकरण को जोड़ें। |
| ऑडियो गलत मोबाइल उपकरण से बजता है (जब दो उपकरण जुड़े हों) | • क्नेक्टेड मोबाइल उपकरण(णों) को सुनने हेतु ᛒ दबाएँ। सुनिश्चित करें कि आप सही मोबाइल उपकरण का इस्तेमाल कर रहे हैं।<br>• संगीत बजाने वाले उपकरण पर संगीत को विरमित करें या वहाँ से बाहर निकल जाएं।<br>• दूसरे उपकरण को डिस्कनेक्ट करें। |
| स्पीकर का पावर बंद होता है | • यदि केबल लगे हुए मोबाइल उपकरण का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो अपने मोबाइल उपकरण की आवाज़ बढ़ा दें।<br>• ऑटो-ऑफ को अक्षम कर दें (देखें पृष्ठ 23)। |

# अपने स्पीकर को पुनः सेट करना

फैक्ट्री रिसेट पेयर्ड उपकरणों तथा भाषा सेटिंग्स को आपके स्पीकर में से साफ़ कर देता है, तथा उसे वापस मौलिक फैक्ट्री सेटिंग्स में पहुंचा देता है।

1. अपने स्पीकर को चालू करें।
2. ⏻ को दबाकर 10 सेकंडों तक थामे रखें जब तक कि ब्लूटूथ® संकेतक नीले में ब्लिंक नहीं करता, एवं किसी भाषा (देखें पृष्ठ 16) का चयन करने हेतु आप एक वायस प्रॉम्पट नहीं सुन लेते।

767473-0010

©2021 Bose Corporation, The Mountain,
Framingham, MA 01701-9168 USA
AM767473 Rev. 06